# वीयू – तरंग 23 का रंगारंग समापन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे युवा उत्सव तरंग 23 का दिनांक 16 मई को समापन हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. के.एम.एल. पाठक पूर्व उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं पूर्व कुलपति दुवासू मथुरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक मंडल के सदस्य डॉक्टर सुधीर यादव थे।

सुबह 8:00 बजे से ही प्रथम चरण की प्रतियोगिताएं आरंभ हुई जिसमें रंगोली जिसका विषय था – भारत की सांस्कृतिक धरोहर, चित्रकला प्रतियोगिता–जिसका विषय स्वतंत्रता आंदोलन में जनजाति नायक। जिसमें निर्णायक की भूमिका आरती नागले, आकांक्षा ठाकुर, संजय प्रजापति तथा श्री दुर्गेश बलथरे ने निभाई। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें चार टीमें रही–सुश्रुत, चरक, आर्यभट्ट तथा पतंजलि। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में चारों महाविद्यालय से आए टीम मैनेजर रहे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में मधुर एकल गान देशभक्ति समूह का वह पारंपरिक लोकगीत की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें सभी टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन

दिया जिसमें निर्णायक की भूमिका श्री मनीष चौधरी, डॉ दीपशिखा पांडे तथा श्री प्रकाश तिवारी जी ने निभाई।

कार्यक्रम के तृतीय चरण में रंगारंग समूह एवं एकल नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें एकल नृत्य में सेमी क्लासिकल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति प्रतिभागियों ने प्रस्तुत की पारंपरिक लोक नृत्य में बधाई, रास तथा महारास जैसे नृत्य की शानदार वेशभूषा, लय ताल व प्राप के साथ प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया तत्पश्चात अंत में सभी महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने अपनी–अपनी टीमों द्वारा बॉलीवुड नृत्य का प्रदर्शन किया जिससे सभागार में आनंद की लहर उठ गई। जिसमें निर्णायक की भूमिका श्रीमती रानी दीक्षित श्रीमती दीपाली पचौरी व श्री कबीर द्वारा निभाई गई।

कार्यक्रम के अंत में विजयी टीमों के प्रतिभागियों को मंचासीन माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी, मुख्य अतिथि श्री के.एम.एल. पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष अधिष्ठाता जबलपुर डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता रीवा डॉ. अंजनी मिश्रा, संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। जिसमें –पोस्टर मेकिंग में प्रथम आदर्श धुर्वे जबलपुर, द्वितीय अपर्णा सिंह महू, तृतीय वैष्णवी दुबे रीवा महाविद्यालय में प्रथम अनुष्का उपाध्याय जबलपुर, द्वितीय मनु साहू रीवा, तृतीय करण का संयम फिशरी। क्ले मॉडलिंग में प्रथम कामिनी चौधरी रीवा, द्वितीय कौस्तुभ सरवटे महू, तृतीय आदर्श धुर्वे जबलपुर स्कीट में प्रथम जबलपुर कॉलेज, द्वितीय रीवा कॉलेज तथा तृतीय फिशरी और महू कॉलेज, माइम में प्रथम जबलपुर कॉलेज, द्वितीय रीवा कॉलेज, तथा तृतीय महू कॉलेज, मोनो एक्टिंग में प्रथम महू कॉलेज, द्वितीय जबलपुर कॉलेज तथा तृतीय रीवा कॉलेज।

वाद–विवाद प्रतियोगिता में तर्क में प्रथम जबलपुर, द्वितीय महू तृतीय फिशरी एवं वितर्क में प्रथम रीवा द्वितीय जबलपुर एवं तृतीय फिशरी कॉलेज ने स्थान प्राप्त किया। एलोक्यूशन में प्रथम महू द्वितीय जबलपुर तथा तृतीय फिशरी कॉलेज रहा। एकसटेंपोर स्पीच में प्रथम महू, द्वितीय जबलपुर एवं तृतीय फिशरी कॉलेज रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम जबलपुर द्वितीय

रीवा तथा तृतीय स्थान पर फिशरी कॉलेज के छात्र ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम फिशरी कॉलेज, द्वितीय जबलपुर कॉलेज व तृतीय रीवा कॉलेज रहा। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जबलपुर कॉलेज द्वितीय स्थान महू कॉलेज तथा तृतीय स्थान फिशरी कॉलेज को प्राप्त हुआ।

एकल गायन में प्रथम महू कॉलेज, द्वितीय फिशरी से शशांक भारद्वाज, तथा तृतीय रीवा कॉलेज। समूह पारंपरिक गीत में रीवा और जबलपुर प्रथम स्थान पर महू द्वितीय स्थान पर तथा फिशरी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान देशभक्ति गीत में प्रथम जबलपुर कॉलेज, द्वितीय फिशरी कॉलेज तथा तृतीय महू कॉलेज।

एकल नृत्य में प्रथम फिशरी कॉलेज द्वितीय जबलपुर कॉलेज तथा तृतीय महू कॉलेज रहा।

समूह नृत्य फोक प्रथम फिशरी कॉलेज, द्वितीय जबलपुर कॉलेज रहा।

नृत्य बॉलीवुड में प्रथम महू कॉलेज द्वितीय फिशरी कॉलेज तथा तृतीय रीवा कॉलेज रहा।

संपूर्ण युवा महोत्सव में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर जबलपुर वेटरनरी कॉलेज को ओवरऑल चौंपियनशिप की ट्रॉफी, तथा उपविजेता महू टीम को मंचासीन अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई।

संपूर्ण युवा महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉक्टर आरके शर्मा, डी. एस.डब्ल्यू. डॉ. आदित्य मिश्रा, शोभा जावरे, डॉक्टर अपरा साहि, डॉ.राखी वैश्य, वेटरनरी कॉलेज जबलपुर द्वारा गठित समस्त टीमों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का तथा महू, रीवा, फिशरी और जबलपुर टीम मैनेजर के सहयोग से संपन्न पद हुआ। मंच संचालन डॉ. वंदना गुप्ता तथा आभार व्यक्त डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर